बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 3937/अकादमी/दीक्षांत समारोह/2020 भोपाल, दिनांक 24-2-2020

अधिसूचना
(दीक्षांत समारोह)

मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय की स्वीकृति से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का **दीक्षांत समारोह** अध्यादेश क्र. 34 की कंडिका 1 के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर (ज्ञान विज्ञान भवन) में **दिनांक 17 मार्च 2020** को प्रातः 11.00 से बजे से आयोजित किया जाएगा।

इस दीक्षांत समारोह में सत्र 2018–19 से संबंधित निम्नानुसार पात्र विद्यार्थियों को उपाधि/स्वर्ण पदक/मेरिट प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाऐंगे :–

(1) **डी.लिट./डी.एससी./पीएच.डी./एल.एल.डी. उपाधि** :– जिन शोधार्थियों की उपाधि संबंधी अधिसूचना अकादमिक सत्र 2018–19 में दिनांक **01 जुलाई 2018 से 30 जून 2019** तक की अवधि में जारी हो चुकी है, तथा जिन्होंने अभी तक उपाधि (डिग्री) प्राप्त नहीं की है वे शोधार्थी ही इस सत्र में उपाधि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

(2) **स्वर्ण पदक** :– विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी संकायों के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो सत्र 2018–19 की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित स्वर्ण पदकों की पात्रता रखते हैं। (सूची विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर देखें)

(3) **मेरिट प्रमाण–पत्र** :– सत्र 2018–19 को स्नातकोत्तर परीक्षाओं में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले ऐसे विद्यार्थी, (जिन्होंने अभी तक प्रमाण–पत्र प्राप्त नहीं किया है) ही प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

(4) **अन्य** :– इसके अतिरिक्त आलोच्य सत्र के उन सभी आवदकों को जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए अपना पंजीयन करवाया है, दीक्षांत समारोह के समापन के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (सत्य भवन) से उपाधि प्रमाण–पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की जावेगी।

सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिशः इस समारोह में उपस्थित होकर उपाधि/ स्वर्ण पदक / मेरिट प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु (Online) आवेदन प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन दिनांक 09 मार्च 2020 तक एवं निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 13 मार्च 2020 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। **ऑनलाईन आवेदन करते समय अपना ई–मेल आई.डी. तथा मोबाईल नम्बर** अनिवार्यतः लिखे । अपूर्ण आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं दीक्षांत समारोह में भाग लेने संबंधी अन्य सभी दिशा–निर्देश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर अवलोकित किए जा सकते हैं।

क– शुल्क :– # पंजीयन शुल्क रुपये 200-00, (उपाधि के मूल शुल्क रुपये 300-00 # मेरिट प्रमाण–पत्र मूल शुल्क रुपये 100-00 अतिरिक्त देय होगा) # विलम्ब शुल्क रुपये 100-00 (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त देय होगा)

ख– सम्पर्क – मित्र कार्यालय 0755–2517200 सहायक कुलसचिव, परीक्षा 0755–2517037
डॉ. नन्दन त्रिपाठी, मो नं. 0755–2517078

नोट – आवेदन सिर्फ आन–लाईन ही मान्य किए जावेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 3938/अकादमी /2020 भोपाल, दिनांक 24-2-2020

प्रतिलिपिः–

1. सर्व संबंधितों को सूचनार्थ।
2. महामहिम कुलाधिपतिजी एवं राज्यपाल के प्रमुख सचिव, राजभवन, म.प्र. भोपाल।
3. माननीय मंत्री, म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के निज सहायक के माध्यम से सूचनार्थ।
4. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.शासन, संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
6. कुलपति/कुलसचिव के निज सचिव/सहायक के माध्यम से मा. कुलपतिजी/कुलसचिवजी को सूचनार्थ।
7. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी / संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
9. दैनिक समाचार पत्र..के संपादक महोदय की ओर लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशन के अनुरोध के साथ प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय आई.टी. प्रकोष्ठ की इस अनुरोध के साथ उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें
11. प्रो. डी.सी. गुप्ता समन्वयक दीक्षांत समारोह ब.वि.वि. भोपाल
12. पी.आर.ओ., ब.वि.वि. भोपाल को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि उक्त अधिसूचना को लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
12. संबंधित नस्ती।

उप–कुलसचिव अकादमी